# मेगा टेक्सटाइल पार्क देगा राज्य के वस्त्रोद्योग को बड़ा मंच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : सरकार ने अपने पहले साल में ही वस्त्रोद्योग को बड़ा मंच दने की तैयारी कर ली है। राजधानी के मलिहाबाद में एक हजार एकड़ जमीन पर यह मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाया जाएगा और 15 जिलों में फैले वस्त्रोद्योग को एक बड़ा मंच इसके माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके लिए छह विश्व स्तरीय इंस्टीट्यूट के माध्यम से कुशल श्रमिक उपलब्ध कराए जाएंगे। पार्क के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलाजी रायबरेली, यूपी टेक्सटाइल टेक्नोलाजी इंस्टीट्यूट कानपुर, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ हैंडलूम टेक्नोलाजी वाराणसी, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ कार्पेट टेक्नोलाजी भदोही, नार्दन इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन गाजियाबाद व यूपी इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन एंड रिसर्च लखनऊ से मदद ली जाएगी। प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क योजना के तहत इसे विकसित किया जा रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए फाइव एफ के मंत्र यानी फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फारेन के लिए सबसे जरूरी दक्ष मानव संसाधन का इंतजाम करना होगा, जो कि विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से पूरी होगी।



**70** विश्वविद्यालय व चार हजार कालेज पीएम मित्र से जुड़ेंगे, आइटीआइ व पालीटेक्निक संस्थान उपलब्ध कराएंगे मैन पावर